# उपमा ने प्रेमनगर क्षेत्र में किया वृक्षारोपण



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई, गढवाल प्रभारी जी.एस. आनंद के निर्देशानुसार प्रेमनगर ईकाई के अध्यक्ष अमित भाटिया (मोनू भाटिया) के नेतृत्व में मंदिर, गुरुद्वारा मैदान (विग न ५) में हरेला पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर अनेकों प्रकार के वृक्ष के पौधे लगाकर लोगों को प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रेमनगर के नगर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कोहली ने लोक कल्याण के इस पर्व पर बिना राजनीतिक भेदभाव के सभी पंजाबी समाज इकत्र हो गया है।इसी प्रकार सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकत्र करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सोनू भाटिया को शुभकामनाएं दीं।

रवि अरोड़ा (जिला महामंत्री) और बलदेव सिंह जयसवाल जी (जिला प्रभारी) ने कहा कि पेड़ों को लगाने के पश्चात् बच्चों की तरह देखभाल की आवश्यकता है। अनिल ग्रोवर ने इस अवसर पर सब को एक होकर चलने का आग्रह किया और हरेला पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के युवा ईकाई अध्यक्ष मोहित ग्रोवर, विजय भाटिया, यशजीत सिंह, जगमोहन मल्होत्रा, बलवीर चड्ढा, सुनील भाटिया, मनीष खत्री, अमित मनोया, अरुण तलवाड़, श्रीमती सरला ग्रोवर, कंचन, राधिका भाटिया, संदीप कौर, शिवानी भाटिया तथा बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# 'गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करें सरकार'




कार्यालय संवाददाता

गैरसैंण। पंचायत प्रधान प्रदेश संगठन के चुनाव में भाष्कर सम्मल को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। चमोली प्रधान संगठन के अध्यक्ष मोहन सिंह नेगी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाये जाने को लेकर एक मत से प्रस्ताव पारित किया गया।

नव निवाचित प्रदेश अध्यक्ष भाष्कर सम्मल ने कहा कि राज्य के समुचित व समान विकास के लिए गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित किया जाना अति आवश्यक है।

रविवार को गैरसैंण के एक होटल में प्रधान संगठन के प्रदेस स्तरीय बैठक में लम्बी बहस के बाद गैरसैण को सूबे की स्थायी राजधानी बनाये जाने की मांग की गई। प्रदेस में पंचायती राज एक्ट लागू किये जाने, जलजीवन मिशन में ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग के साथ मनरेगा में सोसियल आडिट गैरसरकारी संस्था से कराए जाने का विरोध किया गया।

संगठन के संरक्षक मनोहर आर्य तथा चुनाव प्रभारी प्रकाश माहरा व बृज पाल रजवार की देख–रेख में सम्पन्न चुनाव में प्रताप सिंह उत्तरकाशी, मोहन नेगी चमोली व हिमांशु खत्री को सर्वसम्मति से महा मंत्री चुन लिया गया। सूबे के ११ जनपदों के प्रधान संघ जिला कार्यकारणी की उपस्थिति में सम्पन्न चुनाव में मीनू क्षत्रिय देहरादून, साबित अधिकारी चम्पावत, हेमा आर्य नैनीताल, रूपेश चौहान हरिद्वार सहित खीमानंद बिनवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया जब कि प्रदेस सचिव का दायित्व मुकेश जोशी, ललित सुयाल टिहरी, कृष्णा पांडये बागेश्वर, शेखर दानू नैनीताल को सौंपा गया। गोबर्धन चमोली को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। संगठन के प्रवक्ता महेंद्र पोखरियाल ने बताया कि २ सप्ताह में संगठन को विस्तार दिया जाएगा।

# ज्वालापुर मंडी के सभी व्यवसायियों का 1 साल का किराया माफ करने की मांग

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी की वजह से लॉकडाउन अवधि के दौरान से ही आर्थिक मंदी व नुकसान का सामना कर रहे हरिद्वार, ज्वालापुर मंडी के आढ़तियों व छोटे फड़ के व्यापारियों को हुए भारी अर्थव्यवस्था से गड़बड़ाए व्यापारियों की समस्याओं के दृष्टिगत पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कृषि मंत्री सुबोध उनियाल को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर हरिद्वार, ज्वालापुर मंडी के सभी व्यवसायी सब्ज़ी– फल, गल्ला, लकड़ी इत्यादि मंडी में कारोबारी लाइसेंस धारक व्यापारियों का एक साल का किराया माफ किया जाना व बरसातों को ध्यान में रखते हुए छतों की मरम्मत के साथ ज्वालापुर मंडी के समीप ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि को मंडी समिति में समाहित कर ज्वालापुर, हरिद्वार मंडी का दायरा बढाये जाने की मांग को दोहराया।



इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा ५ जून २०२० को भारत सरकार द्वारा भारत वर्ष की सभी मंडी समितियों का दायरा कम करते हुए मंडी समिति के अधिकारों में कटौती कर अध्यादेश जारी किया जा चुका है वही केंद्रीय अध्यादेश का क्रियान्वयन करते हुए राज्य सरकार द्वारा आदेश पारित कर मंडी परिषद व मंडी समितियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में किये जा रहे विकास के कार्यो सहित समस्त मंडी शुल्क वसूली पर पूर्णता विराम लगा दिया गया है।

उन्होंने कहा मंडी समितियों के अधिकार राज्य सरकार द्वारा कम किये जाने से मंडी समिति की आय वृद्धि शून्य हो चली है जिसके कारण मंडी परिषद व मंडी समितियों के कर्मचारियों, अधिकारियों के संमुख भी कार्यो का टोटा पड़ा है।

हरिद्वार मंडी समिति के समस्त लाइसेंस धारक किरायदार जोकि कोरोना वायरस की वजह से लॉकडाउन अवधि के दौरान आर्थिक रूप से टूट गए है ऐसे में मंडी के सभी व्यापारियों का एक साल का किराया माफ किया जाना व छतों की मरम्मत के साथ हरिद्वार मंडी समिति के समीप सटी ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि को मंडी समिति में मर्ज कर मंडी समिति का दायरा बढ़ाया जाना न्यायसंगत होगा क्योंकि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रो के कृषक अपनी उपज को मंडी में लाकर उचित स्थान के माध्यम से बेच सके।

चोपड़ा ने यह भी कहा केंद्रीय अध्यादेश पारित होने के उपरांत मंडी समिति के अध्यक्ष पदों की नियुक्ति नए अध्यादेश के नियम अनुसार सरकार को तत्काल कर देनी चाहिए ताकि राज्य के मंडियों के प्रबंधन पुनः नियम अनुसार संचालित हो सके।

# सेना के साहस वह शौर्य को याद करते हुए शहीद वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस सेवा दल ने शिविर कार्यालय सी २० टर्नर रोड में मासिक ध्वज वंदन प्रदेश सचिव व महानगर प्रभारी पीयूष गौड़ ने किया। इसके बाद २६ जुलाई कारगिल शहीद दिवस के उपलक्ष में सेना के साहस वह शौर्य को याद करते हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पीयूष गौड़ ने कहा कि वीर जवानों के साहस के दम पर युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाने वह देश की आन बान शान के लिए अपने प्राणों को निछावर करने वाले शहीद सैनिक को कांग्रेस सेवा दल नमन करता है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव व महानगर प्रभारी पीयूष गौड़,महानगर उपाध्यक्ष वाहिद हुसैन राव ,सचिव राकेश कुमार ,अशोक मल्होत्रा ,संयुक्त सचिव ,भूपेंद्र धीमान ,सुदामा सिंह ,वार्ड अध्यक्ष विजेंद्र कनोजिया, वार्ड उपाध्यक्ष रामजीलाल, वार्ड सचिव ,किशन ,छोटेलाल गौतम, रामशरण ,महानगर उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।

# आपदा प्रभावितों ने जिप सदस्य जगत मर्तोलिया को सुनाया अपना दुखडा

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। बीआरओ के डंपिंग जौन ने सेरा सुराईधार व खसियाबाड़ा में आपदा का कहर ढ़ा दिया। रहा बचा लोनिवि ने बंद कलमटो व चौक नालियो ने बर्बाद कर दिया। इस जनित आपदा के कारण १४ परिवारो ने अपने घर छोड़ दिया है। जिप सदस्य जगत मर्तोलिया के भ्रमण के दौरान आपदा प्रभावितों ने अपना दुःख यूं बया किया।



जिप सदस्य मर्तोलिया ने आपदा प्रभावितों से मुलाकात करने के लिए मल्ला दुम्मर, खसियाबाड़ा,सेरासुराईधार, कवाधार, बर्नियागांव,तल्ला घोरपट्टा में जाकर आम प्रभावितो से मुलाकात किया। आपदा पीड़ितो नें कहा कि दरांती व सेरा के बीच सैन्थल गधेरे में मलवा,पत्थर डालकर डंपिंग जौन बना दिया था, इस बार की बारिश से इस डंपिंग ने सेरा सुराईधार व खसियाबाड़ा में कहर मचा दिया है। इस कहर ने सैकड़ो नाली नाप भूमि बहा दी है। दर्जनो किसान तो भूमि हीन होने के कगार पर पहुंच चुके है। खेती से घर चलाने वाले परिवारो के लिए यह आपदा नया संकट लेकर आया है।

मल्ला दुम्मर में उतीस के पेड़ धंस रहे है, जिससे इस गांव के ६७ परिवारो को खतरा पैदा हो गया है। गांव में बैठक कर जिप सदस्य मर्तोलिया की पहल पर उतीस के पेड़ो को काटने पर सहमति जताई गई। इन सभी गांवो में पाथर व टिन के छत वाले सैकड़ो घर पानी रिसने के कारण रहने लायक भी नहीं रह पाए है।

इनका सर्वे कर सामाजिक संगठनो के माध्यम से इन परिवारो को छत ढ़कने के लिए तिरपाल देने की एक मुहिम चलाई जा रही है।

जिप सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि हमारा पहला मकसद है कि क्षेत्र के आपदा पीड़ितो की समस्याओ का समाधान करना है। कहा कि जनता की तकलीफ़ को समझने के लिए राउंडप सर्वे होना चाहिए। शासन को तत्काल क्षेत्र को बजट का पैकेज देना चाहिए।